## संपादकीय

# टीके से परहेज

ऐसे वक्त में जब देश एक सौ चार करोड़ से अधिक लोगों को टीके की पहली डोज लगा चुका है, कुछ विसंगतियां हमारी चिंता बढ़ाने वाली साबित हो रही हैं जो कहीं न कहीं कोरोना के खिलाफ जीती जा रही लड़ाई को कमजोर कर सकती हैं। हाल ही में एक परेशान करने वाला यह तथ्य सामने आया है कि देश में करीब ग्यारह करोड़ लोगों ने पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक का समय आ जाने के बावजूद टीका नहीं लगवाया। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में लगभग चार करोड़ वयस्क दूसरी खुराक के लिये निर्धारित तिथि से छह सप्ताह से अधिक लेट हो चुके हैं। इसी तरह डेढ़ करोड़ लोगों को दूसरी डोज के समय से चार से छह सप्ताह अधिक हो चुके हैं। वहीं डेढ़ करोड़ लोग दो से चार सप्ताह गुजरने के बावजूद टीका लगवाने नहीं पहुंचे। साथ ही करीब 3.38 करोड़ लोग दूसरे टीके की निर्धारित अवधि से दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद टीका लगाने को उत्सुक नजर नहीं आते। ऐसे समय में जब देश में कोविशील्ड व कोवैक्सीन के अलावा स्पूतनिक-वी वैक्सीन उपलब्ध हैं और उनका भारत में ही उत्पादन हो रहा है, टीके लगाने में उदासीनता का कारण समझ से परे है। देश में पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध हैं और देश अब जरूरतमंद देशों को निर्यात का भी मन बना चुका है। ऐसे में जब पहले टीके की खुराक ले चुके लोग दूसरा टीका लेने में कोताही बरत रहे हैं तो अधिकारियों को भी ऐसे लोगों को टीका लगाने के लिये तैयार करने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। यह चिंता की बात है कि पिछले दिनों इस गंभीर समस्या के बाबत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आहूत बैठक में कुछ उत्तरी राज्यों ने भाग नहीं लिया। भले ही हमने सौ करोड़ टीकाकरण का मनोवैज्ञानिक लक्ष्य छू लिया हो लेकिन अभी तीसरी लहर का खतरा टला नहीं है। ऐसे में कोई ऐसी चूक नहीं होनी चाहिए जो कालांतर आत्मघाती साबित हो।

भारत जैसे बड़ी आबादी और सीमित संसाधनों वाले देश में यह गर्व की बात है कि हम देश की 76 फीसदी आबादी को टीके की एक खुराक और बत्तीस फीसदी लोगों को दोनों खुराक दे चुके हैं। विगत में कई वैज्ञानिक अध्ययन इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि टीके की एक खुराक की तुलना में दो खुराक कोविड-19 के खिलाफ अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षा प्रदान करती है। ऐसे में यह विश्वसनीय निष्कर्ष स्वयं में प्रमाण है और लोगों को दोनों डोज लेने के लिये प्रेरित करने के लिये पर्याप्त प्रयास होने चाहिए। यदि इसके बावजूद लोग दुराग्रह-अज्ञानता और आलस्यवश दूसरा टीका लगाने आगे नहीं आते तो केंद्र व राज्यों को मिलकर उन्हें प्रेरित करना चाहिए कि वे जितना जल्दी हो सके, दूसरा टीका लगा लें। इसके लिए केंद्र व राज्यों को मल्टी-मीडिया साधनों और जागरूकता अभियानों के जरिये लोगों को इस मुहिम में शामिल करने को प्रेरित किया जाना चाहिए। यदि इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग आगे नहीं आते तो इस बाबत चेतावनी भी देनी चाहिए। दरअसल, कुछ लोगों की लापरवाही सुरक्षा श्रृंखला को तोड़ सकती है और बड़ी समस्या की वजह बन सकती है।

# चीन ने बिगाड़ा भारतीय ऑटो सेक्टर का मूड, सेमीकंडक्टर उत्पादन की सुस्त रफ्तार से प्रभावित हो रहा कारोबार

**नई दिल्ली।** चीनी कंपनियों की सेमीकंडक्टर उत्पादन की सुस्त रफ्तार से दुनियाभर की कार कंपनियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। भारत में भी इस समस्या के चलते कारोबारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले 4-6 महीने तक हालात इसी तरह मुश्किल भरे रहने वाले हैं। दुनिया की तमाम सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनियों में चीन की बड़ी हिस्सेदारी है। कोरोना वायरस की वजह से चीन में उत्पादन प्रभावित होने लगा है। ऐसे में इन सभी कंपनियों के कारोबारी हालात बिगड़ गए हैं जिससे दुनिया भर में सेमीकंडक्टर और दूसरे तमाम ऑटो पार्ट्स की मुश्किल शुरू हो गई है। यही वजह है कि तमाम भारतीय कार निर्माता कंपनियों की हालत भी बुरी हो गई है और उनका उत्पादन प्रभावित होने लगा है।



ऑटो डीलर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विंकेश गुलाटी ने हिंदुस्तान को बताया है कि चीन की मुश्किल की वजह से आने वाले मौजूदा त्योहारी सीजन में गाड़ियों का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले नहीं हो पा रहा है। इसी वजह से गाड़ियों की बिक्री में पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले अक्टूबर 2021 में 30 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है।

**कंटेनर की वजह से भी बढ़ी परेशानी-** इसके अलावा कंटेनर की वजह से भी कारोबारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गोल्डविन लिमिटेड के सीईओ अजय गोयल ने हिन्दुस्तान को बताया है कि चीन से कारोबारी सुस्ती के साथ साथ कंटेनर की दिक्कत भी हो रही है। उन्होंने बताया कि कंटेनर अमेरिकी और यूरोपीय पोर्ट पर लंबे समय तक फंसे रहते हैं। इससे चीन से सामान की आपूर्ति बाधित हो रही है। अजय गोयल के मुताबिक चीन की कई बड़ी कंपनियों ने अपना उत्पादन ही फिलहाल बंद कर रखा है। आने वाले कुछ महीनों में जब वहां कारोबार शुरू होंगे तब हालात बदलेंगे।

कारोबारियों को समय पर माल न मिलने से उत्पादन पर असर होता है और फिर बिक्री भी प्रभावित होती है। केयर रेटिंग का आंकलन है कि सेमीकंडक्टर और दूसरे ऑटो पार्ट्स की मुश्किल अगले साल मार्च तक बनी रह सकती है। वित्तवर्ष 2022-23 की पहली तिमाही यानि अप्रैल महीने के बाद ही दुनियाभर में हालात सुधरेंगे। उसी हिसाब से भारत को भी इसका फायदा मिलेगा।

**मारुति का उत्पादन नवंबर में भी 15प्रतिशत कम रहेगा-** सेमीकंडक्टर (चिप) की कमी से सितंबर तिमाही में देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी के मुनाफे में भारी गिरावट दर्ज की गई। वहीं, कंपनी ने कहा है कि कि चिप संकट अभी टला नहीं है। कंपनी का कहना है कि नवंबर महीने में भी उत्पादन पर चिप संकट का असर दिखने वाला है। चिप संकट के चलते नवंबर में हरियाणा में उसके दो प्लांटों और सुजुकी के गुजरात स्थित मूल संयंत्र में उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। देश की कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि फिलहाल अनुमान के अनुसार अगले महीने हरियाणा में दोनों इकाइयों में कुल वाहन उत्पादन की मात्रा सामान्य का लगभग 85 फीसदी तक रह सकती है। यानी उत्पादन 15 फीसदी कम रह सकता है।

**नवंबर में लॉन्च हो रही हैं ये कारें-** भारत में त्यौहारी सीजन चल रहा है ऐसे में तमाम वाहन निर्माता कंपनियां अपनी एक से बढ़कर एक कारें पेश कर रही हैं, लेकिन ऑटोमेकर्स सिर्फ दीपावली ही बल्कि इसके तुरंत बाद भी कई कारें लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। मारुति अपनी नई पीढ़ी की मारुति सेलेरियो को नवंबर में लॉन्च कर सकती है।

## एलपीजी के साथ सीएनजी और पीएनजी में भड़की महंगाई की आग

**लखनऊ ।** सड़क से किचन तक आज महंगाई की चौतरफा मार पड़ी है। पेट्रोल-डीजल तो रोज नया रिकॉर्ड बना ही रहे हैं, आज एलपीजी सिलेंडर भी पीछे नहीं रहे। 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के रेट में 265 रुपये की तगड़ी वृद्धि हुई है। वहीं, सीएनजी और पीएनजी में लगातार दूसरे माह महंगाई की मार पड़ी है। गैस खरीद मूल्य में बढ़ोतरी के कारण ग्रीन गैस कम्पनी ने सीएनजी के दामों में 2.40 रुपये प्रति किलो और घरेलू गैस पीएनजी में दो रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर इजाफा किया है। इस मूल्य वृद्धि के बाद लखनऊ, आगरा और उन्नाव में सीएनजी 70 रुपये के पार हो गई है। इन जिलों में सीएनजी 70.50 रुपये प्रति किलो मिलेगी, जबकि अयोध्या में सीएनजी के दाम 72.95 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं। घरेलू गैस पीएनजी अब 37.50 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर मिलेगी। अभी तक पीएनजी 35.50 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर थी। बढ़ी दरें एक नवम्बर सुबह छह बजे से लागू होंगी। ग्रीन गैस के एजीएम प्रवीन सिंह ने बताया कि गैस की खरीद मूल्य में वृद्धि के कारण सीएनजी और पीएनजी के दामों में परिवर्तन किया गया है। एक माह के अंतराल में सीएनजी लखनऊ में प्रति किलो सात रुपये किलो महंगी हो गई है। 30 सितम्बर को सीएनजी 63.45 रुपये प्रति किलो थी। जो कि दो बार दामों में परिवर्तन के बाद एक नवम्बर को 70.50 रुपये प्रति किलो हो गई है। पीएनजी पर एक माह में पांच रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

## अमेज़न पर जीआईएफ में स्टार्टअप ने बेचे हर ढाई सेंकेंड में एक उत्पाद

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के मद्देनजर ई कामर्स प्लेटफॉर्म अमेजन डॉट इन पर चल रहे एक महीने के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ) के दौरान हर ढाई सेंकेंड में स्टार्टअप के एक उत्पाद की बिक्री हो रही है। अमेजन ने आज यह घोषणा करते हुये कहा कि उसके इस फेस्टिवल के दौरान अमेजन लॉन्चपैड प्रोग्राम से जुड़े स्टार्ट-अप और ब्रांड ने हर 2.5 सेकंड में एक अनूठा उत्पाद बेचा है। लॉन्चपैड की सबसे पसंदीदा कैटेगरी में गिफ्ट हैंम्पर्स, स्पेशलिटी लाइटिंग, हेल्थ एंड वेलनेस, महिलाओं की साड़ी और स्पीकर शामिल हैं। लॉन्चपैड के सबसे पसंदीदा स्टार्ट-अप और ब्रांडों में स्प्रिंगफिट एन्जॉय स्ट्रेस फ्री स्लीप, स्लीपसूत्र, देसीडिया, गुडएयर, नवलिक शामिल हैं।

## मोदी सरकार की कमाई में बढ़ोतरी, इतिहास में दूसरी बार सबसे अधिक रहा जीएसटी संग्रह


**नई दिल्ली ।** कोरोना की दूसरी लहर के बाद अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के साथ ही जीएसटी राजस्व संग्रह में तेजी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 130127 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जुलाई 2017 में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी राजस्व इस वर्ष अप्रैल के संग्रहित 1.40 लाख करोड़ रुपये के राजस्व के बाद दूसरा सबसे अधिक मासिक राजस्व है। इस वर्ष सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.17 लाख करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर 2021 में संग्रहित राशि पिछले वर्ष इसी महीने में संग्रहित राजस्व से 24 फीसदी अधिक है।

कोरोना की दूसरी लहर की वजह से लगाये गये कठोर लॉकडाउन के कारण इस वर्ष जून में जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से कम रहा था। इससे पहले लगातार नौ महीनों तक यह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। अब फिर जुलाई, अगस्त और सितंबर में यह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 130127 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 23861 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 30421 करोड़ रुपये , आईजीएसटी 67361 करोड़ रुपये और क्षतिपूर्ति उपकर 8484 करोड़ रुपये रहा है।

## विराट कोहली ने बताया, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया को क्यों मिली हार

**नई दिल्ली।** आइसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप का 28वां मैच आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच खेला गया। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 8 विकेट से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने 111 रन के लक्ष्य को 14.3 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस हार से टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली काफी निराश दिखे। उन्होंने बताया कि टीम इंडिया को मिली हार की वजह खिलाड़ियो का खराब प्रदर्श रही। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बल्ले और गेंद दोनों से साहस का प्रदर्शन नहीं कर सके।कोहली ने मैच के बाद कहा, मुझे नहीं लगता कि हम बल्ले या गेंद से अपने खेल में साहस दिखा पाए। जाहिर तौर परल हमारे पास गेंद से करने से लिए ज्यादा कुछ नहीं था। जह हमने मैदान में प्रवेश किया तब हम हमारी बॉडी लैंग्वेज में ज्यादा साहस नहीं था और न्यूजीलैंड की बेहतर बॉडी लैंग्वेज



थी। जब भी हमने चांस लिया हमने विकेट गंवाया। अक्सर ये तब होता है जब आपको डाउट होता है कि आपको शॉट के लिए जाना चाहिए या नहीं। जब आप भारतीय क्रिकेट टीम के लिये खेलते हैं तो आपसे काफी उम्मीदें होती हैं।उन्होंने आगे कहा कि हमें देखन के लिए लोग स्टेडियम में आते हैं। भारत के लिएखेलने वाले हर खिलाड़ी को इसका सामना करना पड़ता है। इसे सबको स्वीकार करना चाहिए और इससे निपटना चाहिए। हमने इन दो मैचों में ऐसा नहीं किया और इसलिए हम जीत नहीं पाए। हमें आशावादी और पॉजिटिव रहना होगा और सोच समझकर जोखिम लेना होगा। हमें दबाव को दूर करना होगा।

## यूट्यूब सेंसेशन जन्नत जुबैर पंजाबी फिल्म कुलचे छोले से करेंगी डेब्यू

यूट्यूब सेंसेशन जन्नत जुबैर और दिलराज ग्रेवाल आगामी पंजाबी फिल्म कुलचे छोले के साथ अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि दोनों ने हाल ही में वाईआरएफ डिजिटल और सागा संगीत सहयोग के तहत अपना गाना लाली लॉन्च किया था।



फिल्म सागा स्टूडियोज के बैनर तले बनी है और इसे सुमीत सिंह ने प्रोड्यूस किया है। शूटिंग अमृतसर में चल रही है। फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले फिल्म के कलाकारों और पूरी क्रियु ने पवित्र स्वर्ण मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित की।

निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक पोस्टर जारी किया। यह नए और होनहार कलाकारों के अच्छे तड़के के साथ सभी चीजों को स्वादिष्ट, चटपटा और आकर्षक लग रहा है।


फिल्म उद्योग की बेहतरीन टीमों में से एक में यह फिल्म शामिल हो गई है।

इसका निर्देशन सिमरनजीत हुंडल कर रहे हैं, जो इससे पहले 25 किल्ले, नंका मेला, जट्ट बॉयज पुट जट्टन दे जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं और अन्य बेहतरीन फिल्में भी कर चुके हैं।

फिल्म के निर्माता सुमीत सिंह ने कहा, मैं सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन करना चाहता हूं। अगर हर कोई एक ही रास्ता अपनाता है, तो हम अपने दर्शकों को नई चीजें कैसे पेश कर सकते हैं? जन्नत और दिलराज शानदार अभिनेता हैं। वे सभी अच्छी चीजों के लायक हैं।

## पलक तिवारी के पहले गाने बिजली बिजली का टीजर हुआ रिलीज

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी अपनी मां की तरह बोल्ड और काफी हॉट है। अब पलक भी फिल्मी दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। और इसकी शुरूआत उन्होंने अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो 'बिजली बिजली'से कर दी है, जिसका टीजर आज रिलीज हो गया है। टीजर में पलक काले और लाल रंग के टाईट कपड़ो में अपने हुस्न के जलवे बिखेरती हुई नजर आ रही हैं।




उनकी मां श्वेता तिवारी ने भी खुशी जताते हुए उनका का पहला म्यूजिक वीडियो का टीजर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो देखकर फैंस ने भी कमेंट करते हुए पलक की काफी तारीफ की है। हर कोई उनकी बेटी के लुक की तारीफ कर रहा है। वीडियो में पलक भिन्न भिन्न लुक में नजर आ रही हैं ।

बता दें कि इस सॉन्ग हार्डी संधू ने न सिर्फ गाया है, बल्कि इसमें पलक तिवारी के साथ डांस और अभिनय भी किया है। सॉन्ग की लिरिक्स जानी ने लिखी हैं।

## आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। संतानों की चिंता रहेगी। सरकारी काम आसानी से निपटेंगे।

वृषभ :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। नौकरी खोजने के प्रयास सफल रहेंगे।

मिथुन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धन का खर्च अधिक हो जाने से मन व्यग्र रहेगा।

कर्क :- आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे और नए सौदों को अंतिम रूप दे सकते हैं।

कन्या :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का भरपूर रहेगा और सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में नए सौदे होने की संभावना बनेगी।

तुला :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यभार की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन काम की अधिकता रहेगी।

धनु :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बना सकते हैं।


मकर :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेंगे।

कुम्भ :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। परिवार और दांपत्य जीवन में आनंद छाया रहेगा।

मीन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ चीजें परेशान कर सकती हैं, लेकिन अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी।

## मीठे के साथ नमकीन में सर्व करें हेल्दी एंड टेस्टी पनीर कबाब

दिवाली मिलन में मिठाइयों से न हो जाएं मेहमान बोर ऐसे में उनके लिए कुछ नमकीन स्नैक्स का भी अरेंजमेंट करें जिसके लिए पनीर के कबाब हैं एकदम बेस्ट। हेल्थ भी टेस्ट भी।



### सामग्री :

पनीर- 200 ग्राम, आलू- 4 (उबले और मैश किए हुए), अदरक कद्दूकस किया- 1/4 कप, हरी मिर्च का पेस्ट- 1.5 टीस्पून, पुदीने के पत्ते- 2 टेबलस्पून, धनिया पत्ती- 1/4 कप, भुना जीरा पाउडर- 1/2 टीस्पून, चाट मसाला- 1 टीस्पून, गरम मसाला पाउडर- 1/2 टीस्पून, ब्रेड क्रम्ब्स- 1/4 कप, कॉर्नफ्लोर- 1 1/2 टीस्पून, नमक और काली मिर्च- स्वादानुसार, तेल- फ्राई करने के लिए

### विधि :

- एक बड़े बाउल में मैश किए हुए आलू और कद्दूकस किया पनीर डालें।
- इसके साथ ही इसमें बाकी सभी सामग्री को मिक्स कर दें।
- अच्छे से हाथों से मिक्स करें।
- अब इस मिक्सचर से छोटे-छोटे साइज के मनचारे शेप के कबाब तैयार करें।
- बाकी मिक्सचर से भी कबाब तैयार कर लेंगे।
- जब कबाब तैयार हो जाएं तो नॉन स्टिक पैन में तेल गर्म करें। आप इसे दो तरीकों से बना सकती हैं।
- पहला डीप फ्राई करके. दूसरा शैलो फ्राई करके।
- सुनहरा होने तक इन्हें फ्राई कर लें।
- इसके बाद इन्हें टिश्यू पेपर पर रखकर हल्का दबाएं जिससे एक्स्ट्रा तेल निकल जाए।
- तैयार है मेहमानों को नमकीन में सर्व करने के लिए पनीर के कबाब।


## शब्द सामर्थ्य- 248

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 247 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 248

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.247 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |